**Roll. No. .........................**

**O.M.R. Serial No.** | | | | | | | | |

| Question Booklet Number |
|---|
| |

# M.A. (SEM.-III) (NEP) (SUPPLE.)EXAMINATION, 2024-25

# HINDI

## ( आधुनिक हिन्दी काव्य )

| Paper Code | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| A | 0 | 1 | 0 | 9 | 0 | 1 | T |

| Question Booklet Series |
|---|
| **A** |

**Time : 1 : 30 Hours** **Max. Marks : 75**

**Instructions to the Examinee :**

1. Do not open the booklet unless you are asked to do so.
2. The booklet contains 100 questions. Examinee is required to answer 75 questions in the OMR Answer-Sheet provided and not in the question booklet. All questions carry equal marks.
3. Examine the Booklet and the OMR Answer-Sheet very carefully before you proceed. Faulty question booklet due to missing or duplicate pages/questions or having any other discrepancy should be got immediately replaced.
4. Four alternative answers are mentioned for each question as - A, B, C & D in the booklet. The candidate has to choose the correct / answer and mark the same in the OMR Answer-Sheet as per the direction :

***(Remaining instructions on last page)***

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक आपसे कहा न जाए।
2. प्रश्न-पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं। परीक्षार्थी को 75 प्रश्नों को केवल दी गई OMR आन्सर-शीट पर ही हल करना है, प्रश्न-पुस्तिका पर नहीं। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रश्नों के उत्तर अंकित करने से पूर्व प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR आन्सर-शीट को सावधानीपूर्वक देख लें। दोषपूर्ण प्रश्न-पुस्तिका जिसमें कुछ भाग छपने से छूट गए हों या प्रश्न एक से अधिक बार छप गए हों या उसमें किसी अन्य प्रकार की कमी हो, उसे तुरन्त बदल लें।
4. प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार सम्भावित उत्तर- A, B, C एवं D हैं। परीक्षार्थी को उन चारों विकल्पों में से सही उत्तर छाँटना है। उत्तर को OMR उत्तर-पत्रक में सम्बन्धित प्रश्न संख्या में निम्न प्रकार भरना है :

*(शेष निर्देश अन्तिम पृष्ठ पर)*

1. मैथिलीशरण गुप्त आधुनिक काल के किस युग के कवि हैं?

   (A) छायावाद युग

   (B) द्विवेदी युग

   (C) प्रगतिवादी युग

   (D) भारतेन्दु युग

2. उर्मिला का क्या अशून्य है?

   (A) मन

   (B) इतिहास

   (C) अम्बर

   (D) कथन

3. साकेत किस प्रकार का काव्य है?

   (A) खण्डकाव्य

   (B) मुक्तक काव्य

   (C) प्रशस्ति काव्य

   (D) महाकाव्य

4. द्विवेदी युग की समय सीमा क्या है?

   (A) 1918 – 1936

   (B) 1936 – 1943

   (C) 1903 – 1918

   (D) 1875 – 1903

5. उर्मिला को किसकी चित्रकूट की झाँकी साल रही थी?

   (A) माँ की

   (B) पिता की

   (C) सास की

   (D) सीता की

6. साकेत की कथावस्तु का विभाजन किस रूप में हुआ है?

   (A) अध्याय

   (B) सर्ग

   (C) खण्ड

   (D) काण्ड

7. साकेत में कुल कितने सर्ग हैं?

   (A) नौ

   (B) दस

   (C) बारह

   (D) पन्द्रह

8. उर्मिला उपवन में क्या खुलवाने को अपनी सखी से कहती हैं?

   (A) शाला

   (B) बालशाला

   (C) पुरबालाशाला

   (D) पाठशाला

9. साकेत किस भाषा में रचा गया है?

   (A) अवधी

   (B) ब्रजभाषा

   (C) भोजपुरी

   (D) खड़ी बोली

10. साकेत का अर्थ क्या है?

(A) हिमालय

(B) मथुरा

(C) अयोध्या

(D) काशी

11. साकेत के किस सर्ग में उर्मिला का विरह वर्णन है?

(A) प्रथम सर्ग में

(B) अष्टम सर्ग में

(C) दशम सर्ग में

(D) नवम् सर्ग में

12. 'साकेत' की कथा का सम्बन्ध किससे है?

(A) राम - सीता से

(B) लक्ष्मण - उर्मिला से

(C) भरत - माण्डवी से

(D) शत्रुघ्न - श्रुतिकीर्ति से

13. लक्ष्मण उर्मिला के साथ किस पर हाथ फेरते थे?

(A) हिरन पर

(B) पत्ते पर

(C) शशक पर

(D) हंस पर

14. उर्मिला ने आज अपनी घनी चाह किससे पायी है?

(A) वेदना से

(B) सखी से

(C) माता से

(D) व्यथा से

15. 'राम की शक्तिपूजा' का प्रेरणास्रोत क्या है?

(A) वाल्मीकि रामायण

(B) रामचरितमानस

(C) भक्तमाल

(D) देवी भागवत

16. 'राम की शक्तिपूजा' किस काव्य संग्रह में संकलित है?

(A) गीतगुंज में

(B) अनामिका में

(C) अर्चना में

(D) आराधना में

17. सूर्यकान्त त्रिपाठी को 'निराला' उपनाम किस पत्र के माध्यम से मिला?

(A) सरस्वती

(B) समन्वय

(C) मतवाला

(D) प्रताप

18. 'सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला' किस काल के कवि हैं?

(A) आदिकाल

(B) रीतिकाल

(C) आधुनिक काल

(D) भक्तिकाल

19. 'है अमानिशा उगलता गगन घन अन्धकार' यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) निराला

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) मुक्तिबोध

(D) महादेवी वर्मा

20. 'महाप्राण' शब्द किस कवि के लिए प्रयुक्त होता है?

(A) प्रसाद

(B) निराला

(C) अज्ञेय

(D) मुक्तिबोध

21. 'सरोज स्मृति' किस प्रकार की कविता है?

(A) हास्य गीत

(B) स्तुति गीत

(C) स्मृति गीत

(D) शोक गीत

22. 'धिक् जीवन जो पाता ही आया है विरोध' यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) पंत

(B) भारतेन्दु

(C) निराला

(D) दिनकर

23. राम-रावण के भीषण संघर्ष के बाद भी युद्ध का परिणाम क्या रहा?

(A) निर्णीत

(B) अनिर्णीत

(C) ढुल-मुल

(D) रक्तरंजित

24. किसके दुर्निवार प्रहारों से वानर-सेना व्याकुल हो गई?

(A) मेघनाद

(B) कुंभकरण

(C) रावण

(D) इनमें से कोई नहीं

25. हनुमान कितने प्रहर तक रावण की भयंकर सेना से युद्ध करते रहे?

(A) दो प्रहर

(B) तीन प्रहर

(C) चार प्रहर

(D) पाँच प्रहर

26. सीता के लिए चिन्तित राम के हृदय में आशा का संचार किसने किया?

(A) अंगद

(B) हनुमान

(C) सुग्रीव

(D) गवाक्ष

27. राक्षस सेना के पदभार से पृथ्वी क्या हो रही थी?

(A) कम्पित

(B) व्याकुल

(C) भारहीन

(D) हर्षित

28. "अभिनव पुरुषोत्तम राम युद्ध में तुम्हारी निश्चित रूप से विजय होगी।" राम की शक्ति पूजा कविता के अनुसार यह किसने कहा?

(A) देवी दुर्गा ने

(B) देवी महालक्ष्मी ने

(C) ब्रह्माणी ने

(D) देवी सरस्वती ने

29. "राम की शक्ति पूजा" कविता के राजीव नयन शब्द में कौन-सा अलंकार है?

(A) उपमा

(B) रूपक

(C) अनुप्रास

(D) श्लेष

30. वीर योद्धाओं ने तीव्र वेग से एक साथ क्या चलाया?

(A) दस-दस भालों को

(B) बीस-बीस भालों को

(C) पचास-पचास भालों को

(D) सौ-सौ भालों को

31. जयशंकर प्रसाद किस युग के कवि हैं?

(A) प्रगतिवाद

(B) प्रयोगवाद

(C) छायावाद

(D) द्विवेदी युग

32. आधुनिक युग का सर्वश्रेष्ठ महाकाव्य किसे माना जाता है?

(A) कामायनी को

(B) प्रियप्रवास को

(C) पंचवटी को

(D) वैदेही वनवास को

33. कामायनी का रचनाकाल क्या है?

(A) सन् 1920

(B) सन् 1926

(C) सन् 1936

(D) सन् 1932

34. कामायनी में किसकी कथा वर्णित है?

(A) मनु-शतरूपा की

(B) श्रद्धा और मनु की

(C) कश्यप-अदिति की

(D) दिलीप और सुदक्षिणा की

35. “नारी तुम केवल श्रद्धा हो, विश्वास रजत नग पलग तल में” यह पंक्ति कामायनी के किस सर्ग की है?

(A) चिन्ता

(B) लज्जा

(C) इड़ा

(D) श्रद्धा

36. जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित ‘कामायनी’ में कुल कितने सर्ग हैं?

(A) दस

(B) बारह

(C) पन्द्रह

(D) बीस

37. ‘कामायनी’ में चिंता सर्ग किस क्रम पर है?

(A) पहला

(B) तीसरा

(C) आठवाँ

(D) दसवाँ

38. चिन्ता सर्ग की कथा का आरंभ भयंकर जलप्लावन से बचे किस मानव से होता है?

(A) श्रद्धा

(B) इड़ा

(C) मनु

(D) इनमें से कोई नहीं

39. चिन्ता सर्ग में किस संस्कृति के विनाश का वर्णन किया गया है?

(A) यक्ष संस्कृति

(B) देव संस्कृति

(C) असुर संस्कृति

(D) नाग संस्कृति

40. मनु ने चिन्ता को किसकी ‘चपल बालिके’ कहा है?

(A) श्रद्धा को

(B) इड़ा को

(C) अभाव को

(D) पीड़ा को

41. ‘श्रद्धा सर्ग’ में मनु ने श्रद्धा को क्या सम्बोधित करते हुए, उसका परिचय पूछा?

(A) चपला

(B) बसन्त के दूत

(C) शिशिर के दूत

(D) ग्रीष्म के दूत

42. कोमल कल्पनाओं का कवि किसे कहा जाता है?

(A) श्रीधर पाठक

(B) मुकुटधर पाण्डेय

(C) रामनरेश त्रिपाठी

(D) सुमित्रानन्दन पंत

43. प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है?

(A) सुमित्रानन्दन पंत

(B) बालकृष्ण शर्मा नवीन

(C) महादेवी वर्मा

(D) जयशंकर प्रसाद

44. सुमित्रानन्दन पंत के बचपन का क्या नाम था?

(A) देवदत्त

(B) ब्रह्मदत्त

(C) गोसाई दत्त

(D) गिरिजा दत्त

45. पंन्तजी की 'मौन निमन्त्रण' कविता किस काव्य संग्रह में संकलित है?

(A) पल्लव

(B) उत्तरा

(C) गुंजन

(D) युगान्त

46. पंतजी को किस कृति पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

(A) चिदम्बरा

(B) लोकायतन

(C) स्वर्णधूलि

(D) पल्लव

47. पंतजी द्वारा रचित महाकाव्य कौन सा है?

(A) लोकायतन

(B) कला और बूढ़ा चाँद

(C) मधुज्वाल

(D) स्वणधूलि

48. 'मौन निमन्त्रण' कविता में कवि किसको संदेश देता है?

(A) प्रिय को

(B) सखा को

(C) अज्ञात सत्ता को

(D) पवन को

49. 'विश्व की पलकों पर सुकुमार विचरते हैं जब स्वप्न अजान' उस समय कवि को मौन निमन्त्रण कहाँ से प्राप्त होता है?

(A) नक्षत्रों से

(B) मेघ से

(C) उषा से

(D) अनिल से

50. "देख वसुधा का यौवन-भार, गूँज उठता है जब मधुमास" यह पंक्ति किस कवि की है?

(A) घनानन्द

(B) सूरदास

(C) सुमित्रानन्दन पंत

(D) तुलसीदास

51. नागार्जुन का वास्तविक नाम क्या था?

(A) वैद्यनाथ मिश्र

(B) भोलानाथ मिश्र

(C) देवदत्त

(D) इनमें से कोई नहीं

52. नागार्जुन का जन्म किस 'सन्' में हुआ?

(A) 1911

(B) 1913

(C) 1903

(D) 1905

53. नागार्जुन किस काल के कवि हैं?

(A) छायावाद

(B) प्रगतिवाद

(C) प्रयोगवाद

(D) समकालीन

54. नागार्जुन पहले किस नाम से रचना करते थे?

(A) यात्री

(B) विद्याधर

(C) सुकवि

(D) इनमें से कोई नहीं

55. वैद्यनाथ ने किस धर्म को अपनाकर अपना नाम नागार्जुन रखा?

(A) जैन धर्म

(B) बौद्ध धर्म

(C) हिन्दू धर्म

(D) सिक्ख धर्म

56. 'युगधारा' नागार्जुन का कौन-सा काव्य संकलन है?

(A) पहला

(B) तीसरा

(C) दूसरा

(D) पाँचवाँ

57. कवि नागार्जुन ने बादलों को कहाँ पर घिरते देखा?

(A) देवदास वन में

(B) अलकापुरी में

(C) मानसरोवर में

(D) गिरि के शिखरों पर

58. अकाल के समय चूल्हा कितने दिनों तक रोया?

(A) दो दिन

(B) चार दिन

(C) बहुत दिन

(D) कई दिन

59. अकाल के समय चक्की कई दिनों तक कैसी रही?

(A) बन्द

(B) निष्क्रिय

(C) सुस्त

(D) उदास

60. अकाल के समय कई दिनों तक दीवार पर किसकी गश्त लगी?

(A) चूहों की

(B) छिपकलियों की

(C) कीड़ों की

(D) चींटियों की

61. अकाल के बाद कई दिनों के पश्चात् घर में कौन आये?

(A) अतिथि

(B) भिखारी

(C) साधु-सन्त

(D) दाने

62. कवि नागार्जुन ने किस ऋतु में किन्नरों और किन्नरियों में प्रणय कलह छिड़ते देखा है?

(A) वर्षा ऋतु में

(B) शरद ऋतु में

(C) बसन्त ऋतु में

(D) इनमें से कोई नहीं

63. नागार्जुन ने कल्पित कवि किसको कहा?

(A) भारवि

(B) सूर

(C) कालिदास

(D) तुलसी

64. कवि 'दिनकर' का जन्म किस प्रान्त में हुआ था?

(A) बिहार

(B) मथुरा

(C) दिल्ली

(D) इनमें से कोई नहीं

65. कवि दिनकर किस काल के कवि हैं?

(A) आदिकाल

(B) भक्तिकाल

(C) आधुनिक काल

(D) रीतिकाल

66. दिनकरजी को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(A) उर्वशी

(B) कुरुक्षेत्र

(C) हुँकार

(D) रेणुका

67. 'संस्कृति के चार अध्याय' के लेखक कौन हैं?

(A) डॉ. नागेन्द्र

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) रामधारी सिंह दिनकर

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

68. दिनकर का 'कुरुक्षेत्र' किस प्रकार का काव्य है?

(A) खण्डकाव्य

(B) मुक्तककाव्य

(C) प्रबन्धकाव्य

(D) इनमें से कोई नहीं

69. ओज और पौरुष का कवि किसे कहा जाता है?

(A) रामधारी सिंह दिनकर

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) महादेवी वर्मा

(D) तुलसीदास

70. 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठम् सर्ग में कवि ईश्वर से क्या पूछते हैं?

(A) कब सभी धनवान होंगे

(B) कब फसल पकेगी

(C) कब धर्म का दीपक जलेगा

(D) कब युद्ध समाप्त होगा

71. 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठम् सर्ग में कवि ने शांति, अहिंसा और समता का उपदेश देने वाले किस महापुरुष का नाम लिया है?

(A) महात्मा गाँधी

(B) गुरू नानकदेव

(C) चाणक्य

(D) राममोहन राय

72. 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठम् सर्ग की पंक्ति "दौड़ना रह-रह उठा उन्माद की तलवार" में कौन-सा अलंकार है?

(A) उपमा

(B) वीप्सा

(C) अनुप्रास

(D) रूपक

73. 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठम् सर्ग के अनुसार आज का मनुष्य किसे अपने वश में कर चुका है?

(A) जल को

(B) विद्युत को

(C) भाप को

(D) इस सभी को

74. 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठम् सर्ग में कवि के अनुसार कौन-सा काल सर्वश्रेष्ठ होगा?

(A) जब अधिक धन होगा

(B) जब धर्म की अधिकता होगी

(C) जब युद्ध नहीं होंगे

(D) जब बंजर भी उपजाऊ होंगे

75. 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठम् सर्ग के अनुसार मानव जीवन का चरम लक्ष्य क्या है?

(A) तप

(B) स्नेह

(C) त्याग

(D) ये सभी

76. 'कुरुक्षेत्र' के षष्ठम् सर्ग के अनुसार विनाशक आविष्कार करने वाला विज्ञान कैसी तलवार के समान है?

(A) जो केवल डराती है

(B) जो केवल चमकती है

(C) जो केवल काटती है

(D) इनमें से कोई नहीं

77. हिन्दी में प्रयोगवाद प्रवर्तक कवि किसे माना जाता है?

(A) अज्ञेय

(B) मुक्तिबोध

(C) केशव

(D) इनमें से कोई नहीं

78. 'अज्ञेय' का जन्म किस सन् में हुआ?

(A) 7 मार्च 1911

(B) 7 मार्च 1922

(C) 7 मार्च 1900

(D) 7 मार्च 1913

79. 'आँगन के पार द्वार' कविता किस सन् में प्रकाशित हुई?

(A) 1900

(B) 1916

(C) 1913

(D) इनमें से कोई नहीं

80. 'इत्यलम्' के रचनाकार कौन हैं?

(A) मुक्तिबोध

(B) अज्ञेय

(C) प्रसाद

(D) पंत

81. अज्ञेयजी को किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

(A) कितनी नावों में कितनी बार

(B) भग्नदूत

(C) चिन्ता

(D) बावरा अहेरी

82. 'एक बूँद सहसा उछली' किस सन् में प्रकाशित हुई?

(A) 1930

(B) 1912

(C) 1960

(D) इनमें से कोई नहीं

83. अज्ञेय की मृत्यु कब हुई थी?

(A) 1986

(B) 1987

(C) 1954

(D) 1970

84. "मैं राही नहीं राहों का अन्वेषी हूँ।" यह कथन किसका है?

(A) अज्ञेय

(B) मुक्तिबोध

(C) नागार्जुन

(D) धूमिल

85. 'असाध्य वीणा' नामक कविता अज्ञेय के किस काव्य संकलन में संगृहीत है?

(A) सागर-मुद्रा में

(B) बावरा अहेरी में

(C) आँगन के पार द्वार में

(D) सुनहले शैवाल में

86. 'असाध्य वीणा' का निर्माण किसने किया था?

(A) तानसेन

(B) वज्रकीर्ति

(C) हरिदास

(D) बैजू बावरा

87. 'असाध्य वीणा' किस वृक्ष के काष्ठ से बनायी गयी थी?

(A) बरगद

(B) आम

(C) किरीटी

(D) पीपल

88. 'असाध्य वीणा' कविता के अनुसार राजा की सभा में कौन-से तपस्वी पधारे?

(A) देवव्रत

(B) प्रियंवद

(C) जयचन्द

(D) कलावन्त

89. 'असाध्य वीणा' कविता का प्रारम्भ किस शैली में हुआ है?

(A) व्यंग्यात्मक शैली में

(B) हास-परिहास शैली में

(C) चिन्तन शैली में

(D) संवादात्मक शैली में

90. 'असाध्य वीणा' कविता में केशकम्बली द्वारा वीणा बजाये जाने पर राजा के मन से क्या चला गया?

(A) ईर्ष्या

(B) महत्वाकांक्षा

(C) द्वेष

(D) ये सभी

91. मुक्तिबोध का पूरा नाम बताइए :

(A) गजानन मुक्तिबोध

(B) गजानन

(C) गजानन माधव मुक्तिबोध

(D) सभी गलत

92. मुक्तिबोध काव्य जगत में किस रूप में प्रकट हुए?

(A) साधारण व्यक्तित्व

(B) अनोखा व्याख्यान

(C) पत्रकार

(D) विद्रोह

93. 'भूल गलती' कविता मुक्तिबोध के किस काव्य-संग्रह से ली गई?

(A) ब्रह्मराक्षस

(B) चाँद का मुँह टेढ़ा

(C) हे महान

(D) त्रिकाल संध्या

94. अनेक विद्वान मुक्तिबोध को स्वीकार करते है :

(A) प्रयोगवादी कविता का अग्रज

(B) छायावादी

(C) प्रगतिवादी

(D) ये सभी

95. मुक्तिबोध द्वारा लिखा गया काव्य-ग्रन्थ है :

(A) कनुप्रिया

(B) धूप के धान

(C) चाँद का मुँह टेढ़ा

(D) त्रिकाल संध्या

96. 'भूल गलती' आज क्या पहनकर बैठी है?

(A) बेबस सलाम

(B) शिरस्त्राण

(C) जिरहबख्तर

(D) लबादा

97. भूल गलती कविता के अनुसार आँखें किसके समान चिलकती हैं?

(A) सूरज के समान

(B) नुकीले तेज पत्थर के समान

(C) लाल बिजली के समान

(D) इनमें से कोई नहीं

98. भूल गलती कविता के अनुसार कैदी कैसी बिजलियों को फेंक रहा था?

(A) तीखी बिजलियों को

(B) नीली बिजलियों को

(C) पीली बिजलियों को

(D) इनमें से कोई नहीं

99. भूल गलती कविता के अनुसार निरंकुश शासक के दरबार में कौन-से इतिहास प्रसिद्ध विद्वान बैठे थे?

(A) अलगजाली

(B) इब्ने सिन्ना

(C) अलबरूनी

(D) ये सभी

100. भूल गलती कविता के अनुसार हम सब कहाँ कैद हैं?

(A) चमकते तामझाम में

(B) शाही मुकाम में

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) इनमें से कोई नहीं

**Rough Work / रफ कार्य**

**Example :**

**Question :**

Q.1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

Q.2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

Q.3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. Each question carries equal marks. Marks will be awarded according to the number of correct answers you have.

6. All answers are to be given on OMR Answer Sheet only. Answers given anywhere other than the place specified in the answer sheet will not be considered valid.

7. Before writing anything on the OMR Answer Sheet, all the instructions given in it should be read carefully.

8. After the completion of the examination, candidates should leave the examination hall only after providing their OMR Answer Sheet to the invigilator. Candidate can carry their Question Booklet.

9. There will be no negative marking.

10. Rough work, if any, should be done on the blank pages provided for the purpose in the booklet.

11. To bring and use of log-book, calculator, pager & cellular phone in examination hall is prohibited.

12. In case of any difference found in English and Hindi version of the question, the English version of the question will be held authentic.

**Impt. On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly. If there is any discrepancy in the question Booklet, then after showing it to the invigilator, get another question Booklet of the same series.**

उदाहरण :

प्रश्न :

प्रश्न 1 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

प्रश्न 2 Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

प्रश्न 3 Ⓐ ● Ⓒ Ⓓ

5. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।

6. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर ही दिये जाने हैं। उत्तर-पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।

7. ओ०एम०आर० उत्तर-पत्रक (OMR Answer Sheet) पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाये।

8. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी OMR Answer Sheet उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न-पुस्तिका ले जा सकते हैं।

9. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

10. कोई भी रफ कार्य, प्रश्न-पुस्तिका में, रफ-कार्य के लिए दिए खाली पेज पर ही किया जाना चाहिए।

11. परीक्षा-कक्ष में लॉग-बुक, कैल्कुलेटर, पेजर तथा सेल्युलर फोन ले जाना तथा उसका उपयोग करना वर्जित है।

12. प्रश्न के हिन्दी एवं अंग्रेजी रूपान्तरण में भिन्नता होने की दशा में प्रश्न का अंग्रेजी रूपान्तरण ही मान्य होगा।

**महत्वपूर्णः प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जाँच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभाँति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्षनिरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**